पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका:- 4 विषय :- हिंदी कक्षा :- चौथी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर/ जितेंद्र कौर

नाम :- _______________ सेक्शन :- ________ रोल नंबर :- _______ दिनांक :- /9/2021

निकिता की खुशी तथा चाँद का कुरता

प्रश्न1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए |

(क) उत्साह (ख) प्रतिभावान (ग) प्रतीक्षा

(घ) योग्यता (ङ) झिंगोला (च) अँगुल

प्रश्न2 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

(क) माँ ने दादी को क्या समझाया?

(ख) खेल जगत में देश का नाम रोशन करने वाली किन्हीं चार खिलाड़ियों के नाम बताइए ।

(ग) "आज लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है" इस कथन की पुष्टि कीजिए |

(घ) चाँद का कुरता कविता के कवि कौन है ?

(ङ) माँ ने चाँद से उसके आकार के बारे में क्या कहा ?

प्रश्न3 इन शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

क) बाहर -

बहार -

(ख) बात -

वात -

प्रश्न4 नीचे दिए शब्दों के साथ उनकी ध्वनि बताने वाले शब्द चुनकर लिखिए |

झरझर टिकटिक कलकल किटकिट

(क) घड़ी (ख) दाँत (ग) नदी (घ) झरना

प्रश्न5 किसने कहा? किससे कहा ?

(क) "मुंबई यहाँ से बहुत दूर है |"

(ख) "अब लड़के और लड़कियों में कोई भेद नहीं रह गया है |"

प्रश्न6शब्द का उसके अर्थ से मिलान से कीजिए |)

प्रतीक्षा	दुखी
उदास	जोश
उत्साह	इंतजार

प्रश्न7 इनसे दो - दो शब्द बनाइए |

द्य ,त्स

प्रश्न8 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए |

से, में, को

(क) दोनों एक दूसरे ____________ बहुत प्यार करते थे |

(ख) आज हमारे देश के हर क्षेत्र _________लड़कियों का बोलबाला है |

(ग) अब दादी __________ थोड़ा क्रोध आ गया था |

प्रश्न9 शुद्ध वर्तनी पर (✓)का निशान लगाइए |

(क)	सलौना	( )	सोलना	( )	सलोना	( )
(ख)	दीखलाई	( )	दिखलाई	( )	दिखालई	( )

उत्तर

प्रश्न1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए |

(क) जोश (ख) जिसमें योग्यता हो (ग) इंतज़ार

(घ) प्रतिभा (ङ) ढीला -ढाला कुरता (च) एक अँगुली

प्रश्न2 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

(क) माँ ने दादी से कहा कि अब लड़के और लड़कियों में कोई भेद नहीं रह गया है । हमारी निकिता एक प्रतिभावान लड़की है । हमें उसे आगे बढ़ने से नहीं रोकना चाहिए।

(ख) खेल जगत में देश का नाम रोशन करने वाली चार खिलाड़ियों के नाम :-

सायना नेहवाल, सानिया मिर्ज़ा, पी॰ टी॰ ऊषा, मैरी कॉम।

(ग) आज लड़कियाँ हर क्षेत्र में मेहनत और योग्यता के बल पर आगे निकल चुकी हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वकील हर क्षेत्र में लड़कियों ने देश का नाम रोशन किया है ।

(घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ङ) माँ ने चाँद से कहा कि तेरा आकार घटता -बढ़ता रहता है | तेरा आकार किसी दिन बड़ा हो जाता है तो किसी दिन छोटा |

प्रश्न3 इन शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(क) बाहर - स्थान

रोहन घर के बाहर खड़ा है ।

बहार - रौनक

बगीचे में फूलों की बहार है ।

(ख) बात - बातचीत

मैंने सोनाली से देर तक बात की ।

वात - एक रोग

रोशन लाल के बेटे को वात रोग हो गया है ।

प्रश्न 4 नीचे दिए शब्दों के साथ उनकी ध्वनि बताने वाले शब्द चुनकर लिखिए |

घड़ी	-	टिकटिक	दाँत	-	किटकिट
नदी	-	कलकल	झरना	-	झरझर

प्रश्न5 किसने कहा? किससे कहा ?

(क) दादी ने , राहुल से

(ख) माँ ने , दादी से

प्रश्न6 शब्द का उसके अर्थ से मिलान से कीजिए |

प्रतीक्षा	इंतजार
उदास	दुखी
उत्साह	जोश

प्रश्न7 इनसे दो - दो शब्द बनाइए |

द्य	विद्या	विद्यालय
त्स	वत्स	उत्साह

प्रश्न8 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए |

(क) दोनों एक दूसरे **से** बहुत प्यार करते थे |

(ख) आज हमारे देश के हर क्षेत्र **में** लड़कियों का बोलबाला है |

(ग) अब दादी **को** थोड़ा क्रोध आ गया था |

प्रश्न9 शुद्ध वर्तनी पर (✓)का निशान लगाइए |

(क) सलोना (ख) दिखलाई